# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

कार्यालय : होशंगाबाद रोड, भोपाल

क्रमांक 615 / परीक्षा / 2019,

भोपाल, दिनांक 13.11.2019

## संशोधित अधिसूचना

**( बैचलर ऑफ एजूकेशन (बी.एड) प्रथम सेमेस्टर ( Affialated College) के परीक्षा आवेदन पत्र आंमत्रित किए जाने की संशोधित तिथियां।)**

वि.वि. द्वारा जारी अधिसूचना क्र.539 / परीक्षा / 2019 दिनांक 25.10.2019 में आंशिक संशोधन करते हुए विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत **बैचलर ऑफ एजूकेशन (बी.एड) प्रथम सेमेस्टर ( Affialated College) सत्र 2019–20 नियमित / एटीकेटी / पूर्व छात्रों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से से भरे जाने की निम्नानुसार तिथियां संशोधित कर निर्धारित की जाती हैं,यथा :–**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन भरने की तिथि | –05 / 11 / 2019 से 13 / 11 / 2019 के स्थान पर दिनांक 18 / 11 / 2019 तक संशोधित |
| 02 | महाविद्यालय द्वारा वि.वि में जमा करने की तिथि | –19 / 11 / 2019 |
| 03 | विलम्ब शुल्क रू. 300 / – के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | –19 / 11 / 2019 से 21 / 11 / 2019 |
| 04 | महाविद्यालय द्वारा वि.वि में जमा करने की तिथि | –22 / 11 / 2019 |
| 05 | विशेष विलंब शुल्क रूपये 1000 / – | –22 / 11 / 2019 से परीक्षा प्रांरभ होने से 03 दिवस पूर्व तक निर्धारित है। |

ऑनलाईन प्रक्रिया :–विश्वविद्यालय की बेवसाइट (**WWW.bubhopal.ac.in**) पर **online services** पर क्लिक कर महाविद्यालय को पूर्व से प्रदाय किए गए कॉलेज लॉगिन में जाकर फार्म भर सकेगें। असुविधा होने की स्थिति में महाविद्यालय प्राचार्य विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा / आई.टी.सेल से संपर्क कर समस्या का निवारण कर सकेगें। महाविद्यालय, परीक्षार्थी की पूर्व की अंकसूची की छायाप्रति परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

नोट :–

01 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308 / 88 / आउशि / शाखा–5अ / 2016 दिनांक 10 / 05 / 2016 के परिपालन में कंडिका 26.1 में अंकित विषय समूह से संबंधित निर्देशों का पालन सुनिश्चित कर ही परीक्षा फार्म अग्रेषित करें।

02 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308 / 88 / आउशि / शाखा–5अ / 2016 दिनांक 10 / 05 / 2016 के परिपालन में कंडिका 06 समकक्ष परीक्षा की उपकंडिका 6.1 से 6.4 में वांछित प्रावधानों का अध्ययन करते हुए पात्रता / आर्हता प्रमाणपत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

03 आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश क्र.308 / 88 / आउशि / शाखा–5अ / 2016 दिनांक 10 / 05 / 2016 के परिपालन में कंडिका 8.41 में अंकित विशेष परीक्षार्थी : राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता के कारण विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में पूर्णतः अथवा आंशिक अनुपस्थित विद्यार्थियों को आगामी सत्र में आयोजित सेमेस्टर परीक्षाओं में (संबंधित सम / विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के साथ) एटीकेटी विद्यार्थी के रूप में नहीं बल्कि विशेष परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

04 प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन पत्र के साथ मूल पात्रता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। पात्रता प्रमाण पत्र के अभाव में आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेगे।

05 प्रथम सेमेस्टर में कांउसिलिंग के द्वारा प्रवेशित छात्रों के आवंटन पत्र आवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

नोट (केन्द्र व्यय के संबंध में) :– वि.वि. की अधिसूचना क्रमांक 1037 / परीक्षा / 2019 दिनांक 24.06.2019 के द्वारा परीक्षा केन्द्र व्यय की राशि रू.100 / –प्रति छात्र के हिसाब से निर्धारित शुल्क में से महाविद्यालय द्वारा कटौत्रा कर निर्धारित परीक्षा केन्द्र को प्रदान करना सुनिश्चित करें ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो सके। अतः ऐसे सभी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रांरभ होने के पूर्व तक संबंधित परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य जहां उनके महाविद्यालय के परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं आवश्यक रूप से केन्द्र व्यय की राशि जमा कराना सुनिश्चित करें।

नोटः– प्रोसेसिंग फीस केवल नियमित परीक्षार्थियों के लिए।

शुल्क विवरणः–

| | | |
|---|---|---|
| 01. | नियमित परीक्षार्थी (समस्त विषय हेतु) | – 1230+100+200(प्रोसेसिंग फीस) =1530 / – |
| 02. | एक विषय हेतु परीक्षा शुल्क (एन.सी.–1) | – 660+100=760 / – |

13/11/19

परीक्षा नियत्रंक

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

पृ. क्रमांक 616.....परीक्षा / 2019

प्रतिलिपिः——

भोपाल ,दिनांक 13.11.2019

1— समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु । कृपया जारी अधिसूचना को शिक्षण विभाग के नोटिस बोर्ड पर चिपकाने की व्यवस्था करें ।

2— उप—कुलसचिव (गोपनीय / परीक्षा) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

3— सहायक कुलसचिव, गोपनीय / परीक्षा / भण्डार की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

4— अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

5— कुलपतिजी के सचिव के माध्यम से माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।

6— अनुभाग अधिकारी परीक्षा / गोपनीय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

6— जनसम्पर्क अधिकारी / कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

7— संचालक, एम.पी.ऑनलाईन म.प्र. की ओर उचित व्यवस्था एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु कृपया सुनिश्चित करें कि एम.पी.**ऑनलाईन की हेल्पलाईन नं 4019401,4019406 तथा 4019414** पर कोई भी छात्र जानकारी चाहें तो उसे समय सीमा में उपलब्ध करायें।

8— प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।

9— संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

उपकुलसचिव (परीक्षा)

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

13/11/19